संपादकीय

मारक महंगाई

ऐसे वक्त में, जब देश की अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी की दूसरी लहर से हुई क्षति से पूरी तरह उबर नहीं पायी है, तीसरी लहर की दस्तक के बीच महंगाई के आंकड़े परेशानी बढ़ाने वाले हैं। सबसे बड़ा संकट यह है कि करीब दो साल से जारी महामारी से कमोबेश हर व्यक्ति की आय के स्रोतों का संकुचन हुआ है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गई हैं और लाखों के वेतन में कटौती हुई है। पर्यटन व सेवा क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोग दूसरी लहर की विदाई के बाद उम्मीद कर रहे थे कि अब अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटने से स्थितियां सामान्य होंगी। लेकिन ज्यादा संक्रामक नये ओमीक्रोन वेरिएंट ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बृहस्पतिवार को सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दर दिसंबर में पांच माह के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। कोढ़ में खाज यह कि फैक्टरी उत्पादन में वृद्धि गिरकर नौ माह में सबसे कम रही है। निस्संदेह, यह ट्रेंड किसी भी आर्थिकी के लिये दोहरी मार की तरह है। एक ओर लोगों की आय का संकुचन और दूसरी ओर महंगाई की मार। हालांकि, अभी तीसरी लहर के आर्थिक प्रभावों का मूल्यांकन बाकी है, लेकिन ये आंकड़े केंद्र सरकार के लिये सचेतक हैं कि बजट पेश करने से पहले और बजट में अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु कौन से कदम उठाये जाने हैं। साथ ही यह भी कि महंगाई से राहत देने के लिये कौन से उपाय किये जाने चाहिए, क्योंकि यह एक राजनीतिक मुद्दा भी है। हालांकि, कोरोना संकट के बीच महंगाई एक वैश्विक समस्या है और कई देशों में महंगाई से गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा हो गये हैं, लेकिन फिर जनता को महसूस होना चाहिए कि महंगाई के दौर में सरकार की नीतियां संवेदनशील हैं। यह भी कि सरकार की ओर से जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश हुई। साथ ही यह सवाल भी कि सत्ता व विपक्ष में रहते हुए राजनीतिक दलों की महंगाई पर भाषा-परिभाषा बदल क्यों जाती है।

दरअसल, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.59 प्रतिशत पहुंच गई। यह दर नवंबर में 4.91 प्रतिशत थी। मुख्य महंगाई क्रमवार तीसरे माह भी छह प्रतिशत से अधिक रही। उल्लेखनीय है कि इसमें खाद्य व ईंधन के परिवर्तनशील मूल्यों को शामिल नहीं किया जाता। दरअसल परिधान व फुटवियर और ईंधन के साधनों की मूल्यवृद्धि से खुदरा महंगाई ऊंचे स्तर पर पहुंची है। वहीं खाद्य महंगाई भी चार फीसदी से अधिक रही। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि तीसरी लहर के प्रभावों के बीच मौद्रिक समिति नियंत्रण के उपायों पर गंभीरता से विचार करेगी। निस्संदेह, नये कोरोना संकट के बीच पटरी पर लौटती देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। ऐसे में देश की विकास दर के जो पूर्वानुमान केंद्रीय बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा लगाये जा रहे थे, उसमें कटौती हो सकती है। यहां ध्यान रखना जरूरी है कि देश की आर्थिकी कोरोना की दूसरी लहर के प्रभावों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पायी है। उत्पादन व कुछ अन्य क्षेत्रों में प्रदर्शन महामारी से पहली वाली स्थिति में पहुंचने को था कि तीसरी लहर ने मुश्किलें खड़ी कर दीं। हालांकि देश का सेवा सेक्टर पूरी तरह से सामान्य नहीं हो पाया था। अब संक्रमण रोकने के लिये कई राज्यों में लगे प्रतिबंधों से फिर इस क्षेत्र को झटका लगेगा। खासकर उन क्षेत्रों में, जहां लोगों का सीधा जुड़ाव होता है। मसलन होटल उद्योग व अन्य व्यापारिक समूह, जो यातायात बाधित होने तथा सीधे संपर्क वाली सेवाओं में व्यवधान से काफी हद तक प्रभावित होंगे। जाहिर है इसका असर देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धिदर पर पड़ेगा। कोरोना संकट के चलते सप्लाई चेन में अवरोध उत्पन्न हुआ है और लोगों की क्रय शक्ति बाधित होने का असर महंगाई पर पड़ा है। लेकिन सरकारों की ओर से जख्मों पर मरहम लगाने की कवायद होती नजर नहीं आ रही है। यही वजह है कि पिछले दिनों कुछ राज्यों के चुनाव में जनादेश की व्याख्या महंगाई की प्रतिक्रिया के रूप में की गई।

विराट कोहली के अचानक 7 साल बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ने के फैसले से हैरान खेल जगत

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट जगत विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के फैसले से हैरान है। विराट कोहली के अचानक भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में पद छोड़ने के फैसले ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया। जनवरी 2015 से टेस्ट क्रिकेट में पूर्णकालिक कप्तान के रूप में भारत का नेतृत्व कर रहे विराट कोहली ने ट्विटर के माध्यम से अपने टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया।

कोहली ने दक्षिण अफ्रीका से सीरीज1-2 से हारने के एक दिन बाद ट्वीट किया ,एक मुकाम पर आकर सबको ठहरना होता है और मेरे लिये बतौर भारतीय टेस्ट कप्तान यह वही मुकाम है । इस सफर में कई उतार चढाव आये लेकिन प्रयासों या विश्वास में कभी कमी नहीं रही। उन्होंने आगे लिखा , पिछले सात साल लगातार कड़ी मेहनत, अथक प्रयासों और दृढता से टीम को सही दिशा में ले जाने के रहे । मैने पूरी ईमानदारी से काम किया और कोई कसर नहीं छोड़ी । मैने हमेशा अपनी ओर से 120 प्रतिशत देने पर भरोसा किया है और अगर मैं ऐसा नहीं कर सकता तो मुझे वह सही नहीं लगता। मेरे दिल में यह एकदम साफ है और मैं अपनी टीम के प्रति बेईमान नहीं हो सकता।

कोहली ने अपने बयान में पूर्व कोच रवि शास्त्री और पूर्व कप्तान धोनी का नाम लिया और उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा , मैं बीसीसीआई को धन्यवाद दूंगा कि मुझे इतने लंबे समय तक देश की टीम की कप्तानी करने का मौका दिया। उससे भी महत्वपूर्ण अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने टीम के लिये मेरे नजरिये को पहले दिन से अपनाया और किसी भी हालात में हार नहीं मानी। आप सभी ने मेरे इस सफर को यादगार और खूबसूरत बना दिया।

उन्होंने आगे लिखा , रवि भाई और सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद जो इस गाड़ी का इंजन रहे जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार आगे बढ़ती रही। सभी ने इसमें अपना योगदान दिया। धोनी के बारे में उन्होंने लिखा,आखिर में एम एस धोनी को बहुत धन्यवाद जिन्होंने बतौर कप्तान मुझ पर भरोसा किया और मुझे भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने में सक्षम पाया।

विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी छोड़ने से शॉक्ड हैं रोहित शर्मा

विराट कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। इस पर ज्यादातर क्रिकेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट हैरान हैं। उनमें एक नाम भारत की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान रोहित शर्मा का भी है। रोहित शर्मा भी विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के फैसले से हैरान हैं। रविवार 16 जनवरी को उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी जताई है। हालांकि, उन्होंने विराट कोहली को शुभकामनाएं भी दी हैं। रोहित शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर विराट कोहली के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और इसके कैप्शन में लिखा है, शॉक्ड!! लेकिन भारतीय कप्तान के दौर पर सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। आगे के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं विराट कोहली। विराट और रोहित के बीच छत्तीस का आंकड़ा बताया जाता है, लेकिन अक्सर दोनों ने किसी भी तरह की लड़ाई को दरकिनार किया है। भारत की टेस्ट टीम के सबसे सफल कप्तान विराट कोहली ने देश के लिए सबसे ज्यादा 40 टेस्ट मैच जीते हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-1 से हारने के बाद उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप की कप्तानी छोड़ दी।

दक्षिण अफ्रीका को हरा भारत ने जीत से किया आगाज, विक्की ओसवाल ने लिए 5 विकेट

नई दिल्ली । आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 में भारत ने जीत से आगाज किया है। भारत ने गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले मैच को 45 रनों से जीत लिया है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। लेकिन कप्तान यश ढूल ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए मोर्चा को संभाला और शानदार अर्धशतक जड़ा। भारत ने 46.5 ओवरों में 232 रन बनाए हैं। साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए 233 रन चाहिए थे। बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। साउथ अफ्रीका की टीम ने 45.4 ओवर में 187 रन ही बना पाई। ऐसे में भारतीय टीम ने जीत के साथ अंडर 19 वर्ल्ड कप 2022 के अभियान की शुरुआत कर दी है। यश ढुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इस मेगा इवेंट के ग्रुप बी में रखा गया है, जिसमें युगांडा, साउथ अफ्रीका और आयरलैंड की टीम भी शामिल है। 16 टीमों को कुल चार ग्रुप में बांटा गया है। अंकतालिका में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

6 क्रिप्टोकरेंसी ने 24 घंटे में निवेशकों को बना दिया मालामाल, कीमतों में बड़ी उछाल

नई दिल्ली। लगातार गिरावट के बाद शनिवार को क्रिप्टोकरेंसी का बाजार कुछ संभला, 15 जनवरी को क्रिप्टो के कीमतों में उछाल देखने को मिली। मार्केट कैप के अनुसार मौजूदा वक्त में क्रिप्टोकरेंसी का मार्केट कैप 2.06 ट्रिलियन डॉलर है। पिछले 24 घंटों के दौरान इसमें 2.75प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। नए साल की शुरुआत के साथ ही कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। दुनिया भर में इस समय कोरोना की दहशत है। क्रिप्टो बाजार भी इससे अछूता नहीं है। यही वजह है कि निवेशक इस समय क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने से बच रहे हैं। हालांकि, शनिवार को सभी बड़ी क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में उछाल देखने को मिला। जिसकी वजह क्रिप्टो का मार्केट कैप भी पहले की अपेक्षा बढ़ गया। एक बिटचॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे के दौरान बढ़कर 43,065 डॉलर को पार कर गया। इस दौरान कीमतों में 2.44प्रतिशत की उछाल देखी गई।

पीएफ सब्सक्राबर्स दूसरी बार भी निकाल सकेंगे कोविड एडवांस

नई दिल्ली। देशभर में कोविड-19 की तीसरी लहर का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कई नौकरीपेशा लोगों को फिर से वित्तीय परेशानियों से गुजरना पड़ सकता है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान पीएफ खाताधारकों को वित्तीय सहयोग देने के लिए अपने सदस्यों को दूसरे नॉन-रिफंडेबल कोविड-19 एडवांस का लाभ उठाने की अनुमति दी थी। इससे पहले महामारी के दौरान सदस्यों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष निकासी का प्रावधान मार्च, 2020 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत किया गया था। इस नियम के मुताबिक, पीएफ के कर्मचारी अपने अकाउंट से तीन महीने की बेसिक सैलरी और का पैसा निकाल सकते हैं। इसके अलावा ईपीएफ अकाउंट बैलेंस का 75 फीसदी दोनों में से जो भी कम हो उन पैसों को निकाला जा सकता है. इन पैसों को निकलने के लिए आप ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

सीबीआई ने गेल निदेशक ई. एस. रंगनाथन को किया गिरफ्तार, 50 लाख की रिश्वत लेने का आरोप

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित रिश्वत के एक मामले में रविवार को गेल के निदेशक (मार्केटिंग) ई. एस. रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान मिले प्रथम दृष्टया सबूतों के आधार पर रंगनाथन को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने गेल निदेशक रंगनाथन एवं अन्य के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। इस आधार राजधानी दिल्ली समेत 8 संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। सीबीआई का दावा है कि अब तक छापेमारी में रंगनाथन के विभिन्न परिसरों से 1.3 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए हैं।

अधिकारियों के अनुसार कथित रिश्वत का मामला महारत्न कंपनी गेल द्वारा विपणन किए जाने वाले पेट्रो केमिकल उत्पादों को खरीदने वाली निजी कंपनियों को छूट देने में 50 लाख की कथित रिश्वत लेने से संबंधित है। सीबीआई ने मामला दर्ज होने के बाद दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस रंगनाथन के कार्यालय और नोएडा के सेक्टर 62 स्थित उनके आवास सहित करीब आठ स्थानों पर छापे मारे।

कॉमेडियन कपिल शर्मा की बायोपिक का ऐलान, नाम होगा फनकार

कॉमेडियन कपिल शर्मा को आपने अक्सर टीवी पर हंसते और हंसाते हुए देखा होगा। अब उन पर फिल्म बनने जा रही है। मकर सक्रांति के खास मौके पर उनके जीवन पर बनने वाली इस फिल्म की घोषणा हुई है। फैंस, जो हमेशा उनके नए प्रोजेक्ट की घोषणा को लेकर उत्साहित रहते हैं, वे इस खबर से सातवें आसमान पर हैं।

अब आपको कपिल के जीवन के हर पहलू को करीब से देखने का मौका मिलेगा। कपिल की बायोपिक में उनके जीवन की अनसुनी बातें, मुश्किलें और विवाद से जुड़े हर पहलू को करीब से दिखाया जाएगा। कपिल पर बनने वाली इस फिल्म का नाम फनकार होगा। ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी ट्विटर पर यह जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया, फुकरे के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा, कपिल शर्मा की बायोपिक का निर्देशन करने जा रहे हैं।

फनकार का निर्माण महावीर जैन के लायका प्रोडक्शंस के बैनर तले किया जाएगा। महावीर ने कहा, अरबों लोगों को कपिल के जरिए रोजाना हंसी की खुराक मिलती है। हम सभी को प्यार और खुशी चाहिए। हम कपिल की अनकही कहानी को बड़े पर्दे पर लाने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। मृगदीप ने कहा, हम भारत के सबसे चहेते फनकार कपिल की कहानी दर्शकों के सामने पेश करने के लिए तैयार हैं। उम्मीद है कि यह दर्शकों को पसंद आएगी।

महावीर का लाइका प्रोडक्शंस राम सेतु, गुड लक जेरी और शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद पर एक बायोपिक पर भी काम कर रहा है। दूसरी तरफ मृगदीप फुकरे और फुकरे रिटर्न्स का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म रूही के राइटर और प्रोड्यूसर मृगदीप ही थे।

काफी समय से चर्चा थी कि कपिल ओटीटी पर आगाज करने वाले हैं। पिछले दिनों खुद कपिल ने नेटफ्लिक्स पर अपने पहले शो की घोषणा की।

आज का राशिफल

मेषः साहस पराक्रम में आज के दिन वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर आपको सावधानी बरतनी चाहिए गले और उदर से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

वृषभः आज इस राशि के कारोबारी अपने कारोबार का विस्तार करने का विचार बना सकते हैं। आर्थिक पक्ष के लिए भी आज का दिन शुभ साबित हो सकता है।

मिथुनः आज पारिवारिक जीवन में आप संतुलन बिठा सकते हैं, किसी से मनमुटाव था तो दूर हो सकता है। किन्नरों का आशीर्वाद लें।

कर्कः आज के दिन किसी वजह से आपका मन उदास हो सकता है। किसी दोस्त या रिश्तेदार से बात करके अच्छा महसूस कर सकते हैं।

सिंहः आज के दिन आपकी आय में वृद्धि हो सकती है या कहीं से धन लाभ हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए आज के दिन आपको लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है।

कन्याः आज के दिन कोई तिकड़म लगाकर कार्यक्षेत्र में किसी असाध्य काम को पूरा कर सकते हैं। भाग्य आज 84 प्रतिशत तक आपका साथ देगा। भगवान कृष्ण की पूजा करें।

तुलाः आज के दिन तुला राशि के कई जातकों का भाग्योदय हो सकता है, अटकी हुई योजनाएं पूरी होंगी। आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है।

वृश्चिकः आज के दिन किसी सीनियर की कोई बात आपको चुभ सकती है। कार्यक्षेत्र में माहौल आपके विपरीत हो सकती है इसलिए संभलकर रहें।

धनुः जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं, कुछ लोग जीवनसाथी के साथ मिलकर अपने ससुराल पक्ष के लोगों से मिलने भी आज जा सकते हैं।

मकरः आज शत्रुओं से सावधान रहें, किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा करने से आज के दिन बचें। शिव परिवार की पूजा करें।

कुंभः शिक्षा के क्षेत्र में इस राशि के विद्यार्थियों को सुखद परिणाम मिल सकते हैं। लव लाइफ में भी अच्छे बदलाव आने की संभावना है।

मीनः आज छोटे भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। माता के स्वास्थ्य में अच्छे बदलाव आने की संभावना है जिससे आपको भी हार्दिक खुशी होगी।

रणवीर सिंह अभिनीत 83 ने भारत में कमाए 100 करोड़ रुपए

हाल में रणवीर सिंह अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 83 में नजर आए हैं। फिल्म क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई है। यह फिल्म भारतीय क्रिकेट के 1983 के ऐतिहासिक वर्ल्ड कप की जीत पर आधारित है, जिसके केंद्र में कपिल देव हैं। कोरोना वायरस के कारण थिएटर बंद होने की वजह से मेकर्स को नुकसान उठाना पड़ा। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि फिल्म ने भारत में 100 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, फिल्म 83 ने 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा छू लिया है। स्वाभाविक तौर पर इस फिल्म को दूसरे वीकेंड तक ही कमाई का शतक लगा लेना चाहिए था, लेकिन महानगरों ने इसमें अवरोध पैदा किया। दिल्ली और मुंबई सहित कई राज्यों में पाबंदियां लगने के बाद फिल्म की कमाई पर असर पड़ा।

इस फिल्म को क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों का फायदा नहीं मिल पाया। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद फिल्म ने कमाई का शतक लगा लिया है। इसी के साथ फिल्म के नाम एक रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। सूर्यवंशी के बाद 83 कोरोना महामारी के दौरान घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये कमाने वाली दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है। अक्षय कुमार की सूर्यवंशी को दर्शकों और समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

इस साल हंसिका मोटवानी के पास है बहुत फिल्म

हंसिका मोटवानी, जिन्होंने तमिल और तेलुगु में कई सुपरहिट में अभिनय किया है, नए साल की प्रतीक्षा कर रही हैं, उनका कहना है कि इस साल प्रसंस्करण के विभिन्न चरणों में उनकी नौ परियोजनाएं हैं।

आने वाले साल को लेकर काफी आशान्वित हंसिका ने कहा, पिछला साल सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण परीक्षा रहा है। खासकर फिल्म बिजनेस, जो बेहद मुश्किल हालात से गुजर रहा था।

अभिनेत्री ने फिल्म उद्योग में अपने दोस्तों, मीडिया, अपने प्रशंसकों और हर किसी को

धन्यवाद देते हुए कहा, यह प्यार और करुणा है जो दुनिया को आगे बढ़ा रही है, और मैं खुश और भाग्यशाली हूं कि मैंने उन्हें बहुत कुछ खोजा है। इस कठिन समय में मदद करें। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरे पास इस साल नौ परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिनमें से सभी विभिन्न राज्यों में पूरी होने के कगार पर हैं।

बहुत ही लज़ीज़ डिश है- स्टफ्ड पोटैटो

आलू को स्टफ्ड करके स्नैक्स के तौर पर खाएं। यह एक पार्टी मेन्यू में शामिल एक लज़ीज़ डिश है। यह घर पर बड़ी ही आसानी से बनाई जा सकती है, कैसे बनाएं इसे जानिए यहां।

सामग्री :

4-5 मध्यम आकार के उबले आलू

स्टफिंग की सामग्री - 1 कप कद्दूकस किया पनीर, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून ऑरेगेनो, नमक स्वादानुसार, 1 टेबलस्पून बारीक कटा धनिया

विधि :

एक बोल में स्टफिंग की सारी सामग्री लेकर मिलाएं।

आलू को अच्छी तरह डीप फ्राई करें।

इसे मोटे स्लाइसेज़ में काटें। बीच में स्टफिंग भरें। चटपटी चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

शेफ टिप्स- स्टफ्ड पोटैटो में स्टफिंग का खासतौर पर ध्यान रखें। पनीर की स्टफिंग इसका स्वाद बढ़ा देती है। लेट्यूस के साथ इसे सर्व करें। आपको एक ही डिश में कई सेहतमंद चीज़ें मिलेंगी।

डीप फ्राई करें...

ध्यान रखें कि इसे शैलो या एयर फ्रायर भी किया जा सकता है, लेकिन इसका असली मज़ा आपको डीप फ्राई करके ही आएगा। ऊपर से काली मिर्च पाउडर छिड़कना न भूलें। इसे एयर फ्रायर करें तो 180 डिग्री सेल्सियस पर 20 मिनट तक रोस्ट करें।

शब्द सामर्थ्य- 322

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल

दा	ढ़ी		की		खा	सो	आ	म
वा		त	म	न्ना			जा	
न	जा	क	त		बा	अ	द	ब
ल		ली		वि	ला	प		हा
	अ	फ	सा	ना		मा	हि	र
दा	ब			श	गु	न		
न		उ	प	का	र		शि	
व		त्स		र		त	क	ला
	सा	व	न		गु	रु	वा	र

सू-दोकू- 322

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.321 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6